पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय : 3, मार्बल आर्च, सेनापति बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016

+91 22 24306321/24378866 24313938 abvpkendra@gmail.com www.abvp.org

दि. 16 जनवरी 2024

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

बंगाल में तृणमूल छात्र परिषद के गुंडों द्वारा जानलेवा हमले में 6 छात्र ज़ख्मी।

पश्चिम बंगाल के नवद्वीप विद्यासागर कॉलेज में तृणमूल छात्र परिषद के गुंडों द्वारा छात्रों पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया गया जिसमें 6 छात्र घायल हुए तथा इसमें 2 छात्र गंभीर अवस्था में हैं। तृणमूल छात्र परिषद के गुंडों द्वारा ऐसे कृत्य की अभाविप कड़े शब्दों में निंदा करती है तथा इस प्रकरण में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हेतु मांग करती है। तृणमूल कांग्रेस का संरक्षण प्राप्त टीएमसीपी के गुंडे लगातार शैक्षिक परिसरों के माहौल को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं तथा उनके खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है।

तृणमूल छात्र परिषद जैसे संगठन परिसरों का माहौल खराब करने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। बंगाल में टीएमसीपी के गुंडों के चलते विद्यार्थियों में भय व्याप्त है तथा उनके द्वारा आवाज उठाए जाने पर बंगाल सरकार द्वारा पोषित गुंडे कैंपस में अराजकता फैलाते हैं। बंगाल के शैक्षिक परिसरों में इस प्रकार की गुंडागर्दी बंगाल सरकार की नाकामी तथा प्रदेश में कानून की दुर्गति का परिचायक है। बंगाल सरकार द्वारा पोषित गुंडे लगातार शैक्षिक परिसरों में अव्यवस्था फैला रहे हैं, अभाविप ऐसे अराजक तत्वों पर दंडात्मक कार्रवाई की मांग करती है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि," बंगाल के नवद्वीप विद्यासागर कॉलेज में तृणमूल छात्र परिषद के गुंडों द्वारा हमलें में 6 छात्र घायल हुए हैं। बंगाल सरकार द्वारा पोषित गुंडे लगातार शैक्षिक परिसरों में अराजकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं किंतु उनपर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाती है। TMCP गुंडों द्वारा ऐसे कृत्य बंगाल सरकार की छात्र विरोधी एवं अराजक छवि को उजागर करती है। अभाविप घायल कार्यकर्ताओं को न्याय दिलाने व TMCP के गुंडों पर त्वरित कार्रवाई हेतु मांग करती है।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगम्बर पवार द्वारा जारी की गयी है।)